Annex

Media clips of Re-KYC campaign (Aug 22- Aug 28, 2025)/ री-केवाईसी अभियान की मीडिया क्लिप्स (22 - 28 अगस्त, 2025)

1. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
   a. State – Uttarakhand / क. राज्य - उत्तराखंड
   b. District – Haridwar / ख. जिला – हरिद्वार
   c. Block – Bahadarabad/ ग. ब्लॉक – बहादराबाद
   d. Gram Panchayat – Bahadarpur Jat / घ. ग्राम पंचायत – बहदारपुरजट्ट
   e. Attended by – Ms. Deepti Agrawal, Banking Ombudsman / ङ. उपस्थित – सुश्री दीप्ति अग्रवाल, बैंकिंग ऑम्ब्ड्स्मैन

- Images of camp / शिविर की तस्वीरें



- Print media/ digital media/ social media clips of the camps/ शिविरों की प्रिंट मीडिया/डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप



## आरबीआई और आईओबी ने लगाया ग्राम पंचायत सैचुरेशन कैंप

देहरादून (वि)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के संयुक्त तत्वावधान में बहादुरपुरजट्ट गांव में ग्राम पंचायत सैचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य री-केवाईसी और वित्तीय समावेशन है। कार्यक्रम में आरबीआई की महाप्रबंधक और लोकपाल दीप्ति अग्रवाल, आईओबी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक शशिकांत भारत, आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक राजेश अरोड़ा और पीएनबी के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिनेश कुमार गुप्ता ने भाग लिया। शिविर में आईओबी ने ग्रामीणों को मौके पर ही री-केवाईसी सेवाएं प्रदान कीं और पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई और जनधन योजना के तहत नामांकन की सुविधा प्रदान की। आईओबी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि यह पहल महत्वपूर्ण कदम है। पीएनबी के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने कहा कि हम केवल कागजी कार्यवाही नहीं, बल्कि वास्तविक वित्तीय समावेशन की ओर बढ़ रहे हैं।

Annex

दैनिक भास्कर

04 गुरुवार, 28 अगस्त, 2025 देहरादून

# आरबीआई-आइओबी ने लगाया सेचुरेशन कैंप

- **री-केवाइसी और वित्तीय समावेशन पर रहा फोकस**

भास्कर समाचार सेवा

**बहादुरपुर।** बहादरपुरजट्ट गांव में बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के संयुक्त तत्वावधान में एक ग्राम पंचायत सेचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें री-केवाईसी और वित्तीय समावेशन पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम में आरबीआई की महाप्रबंधक एवं ओम्बुड्समैन सुदीप्ति अग्रवाल, आईओबी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक शशिकांत भारत, आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक राजेश अरोड़ा और पीएनबी के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिनेश कुमार गुप्ता ने शिरकत की।

कैंप में आईओबी द्वारा ग्रामीणों को मौके पर ही री-केवाईसी सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) एवं प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) में नामांकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आईओबी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक शशिकांत भारत ने कहा कि यह पहल पुराने केवाईसी रिकॉर्ड के कारण किसी ग्राहक के पीछे न रह जाए, इसे सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य दरवाजे पर बैंकिंग सेवाएं एवं जनसुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

वहीं पीएनबी के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जन सुरक्षा योजनाएं वित्तीय सुरक्षा की आधारशिला हैं। हम केवल कागजी कार्यवाही नहीं, बल्कि वास्तविक वित्तीय समावेशन की ओर बढ़ रहे हैं। इस कैंप को स्थानीय लोगों का भारी समर्थन मिला, जो क्षेत्र के वित्तीय समावेशन में एक सार्थक पहल साबित हुआ।



सेचुरेशन कैंप के दौरान आरबीआई और आइओबी के अधिकारी।

2. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    a. State – Uttarakhand/ क. राज्य - उत्तराखंड
    b. District – Haridwar / ख. जिला – हरिद्वार
    c. Block – Bahadarabad/ ग. ब्लॉक – बहादराबाद
    d. Gram Panchayat – Tehri Vikas / घ. ग्राम पंचायत – टहरी विकास
    e. Attended by – Ms. Deepti Agrawal, Banking Ombudsman / ङ. उपस्थित – सुश्री दीप्ति अग्रवाल, बैंकिंग ऑम्बड्स्मैन

- Images of camp / शिविर की तस्वीरें




- Print media/ digital media/ social media clips of the camps | शिविरों की प्रिंट मीडिया/

# कमल अग्रवाल (हरिद्वार) उत्तराखंड

हरिद्वार *वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन ओवरसीज़ बैंक (IOB) ने बहादरपुर जट ग्राम पंचायत, हरिद्वार में वित्तीय समावेशन सैचुरेशन कैंप का आयोजन किया। इसी क्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने टिहरी विकास नगर, हरिद्वार में शिविर आयोजित किया।

इन कैंपों में प्रतिभागियों को री-केवाईसी प्रक्रिया, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव, नामांकन की प्रक्रिया तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं — प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY), अटल पेंशन योजना (APY) और प्रधानमंत्री जनधन योजना (PMJDY) — की जानकारी दी गई। पात्र प्रतिभागियों के खाते मौके पर ही री-केवाईसी कर अपडेट किए गए और उन्हें संबंधित योजनाओं में नामांकित भी किया गया

कैंप में प्रमुख अतिथि के रूप में सुश्री दीप्ति अग्रवाल, बैंकिंग लोकपाल (RBI), श्री धीरेज अरोड़ा, सहायक महाप्रबंधक (RBI), श्री दिनेश कुमार गुप्ता, लीड जिला प्रबंधक हरिद्वार, श्री शशिकांत, सीआरएम (IOB) एवं श्रीमती नीलिमा, प्रबंधक (SBI) उपस्थित रहे।

Post Views: 17

3. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    a. State – Uttarakhand/ क. राज्य - उत्तराखंड
    b. District – Udham Singh Nagar / ख. जिला – उधम सिंह नगर
    c. Block – Bajpur/ ग. ब्लॉक – बाजपुर
    d. Gram Panchayat – Nandpur Narkatopa / घ. ग्राम पंचायत – नंदपुर नरकाटोपा
    e. Attended by – Shri Arvind Kumar, Regional Director / ङ. उपस्थित – श्री अरविंद कुमार, क्षेत्रीय निदेशक

- Images of camp / शिविर की तस्वीरें



- Print media/ digital media/ social media clips of the camps | शिविरों की प्रिंट मीडिया/ डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप

# री केवाईसी की महत्ता के बारे में किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा के द्वारा श्रीराम भवन धर्मशाला में आयोजित सैचुरेशन कैम्प में उपस्थित जनसमूह को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं वित्तीय समावेशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के लाभों के बारे में बताया। साथ ही ग्राहकों को बैंक खातों में री-केवाईसी की महत्ता के बारे में भी जागरूक किया गया, ताकि सेवाओं का लाभ निरंतर एवं सुगमता से मिल सके।




बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अरविन्द कुमार ने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं को अपनाकर सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करें तथा समय-समय पर री-केवाईसी पूर्ण करें। साथ ही डिजिटल बैंकिंग और स्वरोजगार आधारित ऋण योजनाओं का लाभ उठायें।

इस मौके पर एसबीआई हल्द्वानी के उप महाप्रबंधक राजीव रंजन, क्षेत्रीय प्रबंधक व्यवसाय संजीव कुमार, एलडीओ रजनीश सैनी, प्रमुख जिला प्रबंधक चिराग पटेल, मुख्य प्रबंधक हल्द्वानी प्रेम सिंह, रुद्रपुर प्रबंधक महिमन सिंह, बाजपुर शाखा प्रबंधक लोकेश पंत, बाजपुर कृषि विकास शाखा प्रबंधक कुबेर दत्त आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में बताया केवाईसी का महत्व

बाजपुर। एसबीआई की ओर से सैचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान नागरिकों को बैंकिंग, केवाईसी की महत्ता सहित अन्य जानकारी दी गई। रामभवन धर्मशाला में आयोजित जागरूकता शिविर का शुभारंभ रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार ने किया। एसबीआई के एजीएम राजीव रंजन, क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएमजेजेबीबाई, के लाभों की जानकारी दी। वहां एलडीओ आरबीई देहरादून रजनीश सैनी, एलडीएम जिला प्रबंधक चिराग पटेल, मुख्य प्रबंधक हल्द्वानी प्रेम सिंह आदि थे। संवाद

Annex

4. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    a. State – Uttarakhand/ क. राज्य - उत्तराखंड
    b. District – Udham Singh Nagar / ख. जिला – उधम सिंह नगर
    c. Block – Gadarpur/ ग. ब्लॉक – Gadarpur
    d. Gram Panchayat – Khanpur Purav / घ. ग्राम पंचायत – खानपुर पूरब
    e. Attended by – Shri Arvind Kumar, Regional Director / ङ. उपस्थित – श्री अरविंद कुमार, क्षेत्रीय निदेशक

- Images of camp/ शिविर की तस्वीरें






Annex




Print media/ digital media/ social media clips of the camps – not available/ शिविरों की प्रिंट मीडिया/डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप – उपलब्ध नहीं है